**NEWS CLIPPING: 25.06.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में 'करियर काउंसलिंग' पर वेबिनार श्रृंखला शुरू

फरीदाबाद, 24 जून (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के लिबरल आर्ट्स एवं मीडिया स्टडीज विभाग द्वारा बारहवीं तथा स्नातक के उपरांत विद्यार्थियों के करियर चयन को आसान बनाने के लिए 'करियर काउंसलिंग' पर आयोजित की जा रही वेबिनार श्रृंखला का शुभारंभ हो गया। पहले दिन वेबिनार में लगभग 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया तथा विशेषज्ञों से करियर संबंधी परामर्श हासिल किए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मु य अतिथि रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में दिल्ली के श्री अरबिंदो कॉलेज से डॉ. आरके वर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से डॉ. नीर कंवल मानी और डॉ. वीरेंद्र खाटकर वेबिनार के विशेषज्ञ वक्ता थे। वेबिनार का उद्देश्य साहित्य, लिबरल आर्ट और डिजिटल मानविकी के क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करना था। सत्र का संचालन डॉ. रीना ग्रेवाल ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को अपने मल्टीटास्किंग कौशल में सुधार लाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में करियर अवसरों का लाभ उठाने के लिए अंत:विषय ज्ञान जरूरी होगा। इसलिए, विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रूचि के अनुरूप अन्य विषयों में ज्ञान तथा कौशल को हासिल करने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा में गुणवत्ता बनाये रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों के समग्र तथा कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है। अपने संबोधन में डॉ. नीर कंवल मानी ने भाषा कौशल के महत्व के बारे में बताया और कहा कि प्रशासनिक क्षेत्रों में भाषा कौशल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। इसलिए किसी भी भाषा में उसके मौखिक एवं लिखित दोनों माध्यमों पर अच्छी पकड़ होना जरूरी है। उन्होंने साहित्यिक-अनुवाद, फिल्म-अनुवाद, शोध-स पादक, इलस्ट्रेटर में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कैरियर के अवसरों पर चर्चा की। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेंद्र खाटकर ने डिजिटल मानविकी और डॉ. आरके वर्मा ने लिबरल आर्ट स्टडीज को लेकर अपने विचार रखे। अंत में कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. दिव्यज्योति सिंह ने सत्र का सारांश प्रस्तुत किया तथा कुलसचिव डॉ. एसके र्ग ने विशेषज्ञ वक्ताओं का धन्यवाद किया। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों के लिए संवाद सत्र भी आयोजित किया गया।

**विद्यार्थियों को करियर अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनना होगा मल्टी टास्किंग: कुलपति प्रो. दिनेश कुमार**

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu,25 June 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 25.06.2020**

**THE PIONEER**

# एनएसयूआई की मेहनत लाई रंग

**फरीदाबाद।** एनएसयूआई का संघर्ष रंग लाया है पिछले काफी समय से छात्र संगठन सरकार को अपनी बात मनवाने के लिए संर्घष कर रहे था जिसके चलते छात्र संगठन ने प्रदेश व जिलास्तर पर कई बार धरना प्रर्दशन किए। मंगलवार को हरियाणा सरकार ने छात्रों के भविष्य को लेकर फाईनल ईयर व री अपीयर छात्रों को प्रमोट करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से फाईनल ईयर व रीअपेयर के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ रही है। छांत्रो ने एनएसयूआई का दिल से धन्यवाद किया है कि यदि वह समय रहते छात्रों की आवाज नहीं उठाती तो सरकार को जागना असंभव था। गौरतलब है कि एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष विकास फागना के नेतृत्व में कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए दर्जन भर छात्रों ने फ़ाईनल ईयर व री अपीयर के छात्रों को प्रमोट करने के लिए जे सी बॉस विश्वविद्यालय पर थालियां बजाकर प्रदर्शन किया था। छात्र संघठन ने विश्वविद्यालय के गेट पर घंटो तक नारेबाजी की और विश्वविद्यालय के डीन को ज्ञापन सौंपा था।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.06.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में करियर काउंसलिंग शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी वाइएमसीए में करियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लिबरल आर्ट्स एवं मीडिया स्टडीज विभाग की ओर से बारहवीं तथा स्नातक के बाद विद्यार्थियों को करियर चयन के विषय में बताया गया। इसमें पहले दिन करीब 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा भी मौजूद रहे। दिल्ली के अरबिंदो कॉलेज से डॉ. आरके वर्मा भी थे।

**NEWS CLIPPING: 25.06.2020**

**HINDUSTAN**

# ऑनलाइन परीक्षा पर मंथन शुरू

**फरीदाबाद।** उच्च शिक्षण संस्थानों में परीक्षाओं के आयोजन को लेकर उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से मंगलवार को जारी हुए नए आदेशों के बाद जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौधोगिकी विश्वविद्यालय में भी मंथन शुरू हो चुका है। दरअसल, निदेशालय ने अंतिम वर्ष के लिए भी परीक्षाएं रद्द कर दी हैं।

छात्रों को बगैर परीक्षा प्रोन्नत करने का फैसला लिया गया है।विश्वविद्यालयों के लिए ऑनलाइन परीक्षाओं के विकल्प खुले हैं। तैयारी होने और छात्रों को सहूलियत होने की शर्त रखी गई है। वाईएमसीए ने जुलाई में ऑनलाइन परीक्षाएं करने की योजना बनाई हुई है। प्रवक्ता जितेंद्र यादव ने बताया कि मंगलवार को उच्च निदेशालय से परीक्षाओं के लेकर नए आदेश मिले हैं।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.06.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# करियर काउंसलिंग में छात्रों ने लिया परामर्श

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जोसी बोस यूनिवर्सिटी के लिबरल आर्ट्स व मीडिया स्टडीज विभाग की तरफ से 12वीं व स्नातक के बाद छात्रों के करियर के चयन को आसान बनाने के लिए 'करियर काउंसलिंग' पर वेबिनार श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। पहले दिन वेबिनार में लगभग 150 छात्रों ने हिस्सा लिया और विशेषज्ञों से करियर संबंधी परामर्श हासिल किए। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में दिल्ली के श्री अरबिंदो कॉलेज से डॉ. आर. के. वर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद से डॉ. नीर कंवल मानी व डॉ. वीरेंद्र वेबिनार के विशेषज्ञ वक्ता थे।